प्रो. विजय कुमार कौल को साउथ कोरिया, सियोल के हैंकुक यूनिवर्सिटी ऑफ फॉरेन स्टडीज में विजिटिंग प्रोफेसर के रूप में एक वर्ष की अवधि हेतु आमंत्रित किया गया

वर्धा, दि. 22 फरवरी: महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा, भाषा विद्यापीठ के अधिष्ठाता एवं प्रौद्योगिकी अध्ययन केंद्र के निदेशक प्रो. विजय कुमार कौल को हैंकुक यूनिवर्सिटी ऑफ फॉरेन स्टडीज, ग्लोबल कैम्पस, सियोल, साउथ कोरिया (Hankuk University of Foreign Studies, Global Campus, Seoul, South Korea) के भारतीय अध्ययन विभाग (Department of Indian Studies) में एक वर्ष की अवधि के लिए विजिटिंग प्रोफेसर के रूप में आमंत्रित किया गया है।

सम्मान समारोह में उपस्थित अतिथिगण

प्रो. कौल को उक्त आमंत्रण Department of Indian Studies में सेवायें दे चुके भारतीय प्राध्यापकों एवं फ्रांस, जर्मनी, इटली, फिनलैंड एवं नॉर्वे आदि देशों में इनके साथ कार्य कर चुके सहकर्मियों द्वारा संस्तुति एवं इनके विदेशी भाषा अध्यापन के अनुभव को दृष्टिगत रखते हुए दिया गया है। प्रो. कौल लीबिया, इथोपिया, इरीट्रिया आदि देशों भी भाषा वैज्ञानिक एवं विदेशी भाषा के रूप में अंग्रेजी-भाषा-अध्यापन कार्य कर चुके हैं।

इस अकादमिक आमंत्रण के अंतर्गत प्रो. कौल द्वारा अध्यापन, शोध निर्देशन और विशेष भाषणों की शृंखला पर विशेष बल दिया जायेगा। Hankuk University of Foreign Studies, Department of Indian Studies के विभागाध्यक्ष, प्रो. Geun Dong Lim ने उक्त आमंत्रण माननीय कुलपति महोदय, प्रो. गिरीश्वर मिश्र, म. गां. अं. हि. वि.वि. को उनकी स्वीकृत्यार्थ प्रेषित करते हुए आशा व्यक्त की है कि Department of

Indian Studies में वर्ष पर्यंत प्रो. कौल की सेवाओं के परिणामस्वरूप MGAHV और HUFS के मध्य न केवल अध्यापक वरन् विद्यार्थी स्तर पर भी अकादमिक गतिविधियों से संबंधित आदान-प्रदान के बहुआयामी अवसर प्राप्त होगें। म. गां. अं. हि. वि.वि. में इतनी लंबी अवधि के लिये पहली बार किसी प्राध्यापक को विदेशी विश्वविद्यालय में विजिटिंग प्रोफेसर के रूप में आमंत्रित किया है जो कि विश्वविद्यालय के लिये गौरव की बात है।

सम्मान समारोह में उपस्थित प्राध्यापक-अतिथिगण एवं भाषा विद्यापीठ के छात्र-शोधार्थी

प्रो. कौल को शुभ कामना संदेश देते हुए शिक्षा विद्यापीठ के अधिष्ठाता, प्रो. अरबिंद कुमार झा

इसी संदर्भ में 22 फरवरी 2016 को भाषा विद्यापीठ के शोधार्थियों द्वारा प्रो. कौल के सम्मान में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विद्यापीठ के समस्त शोधार्थियों सहित शिक्षा विद्यापीठ के अधिष्ठाता, प्रो. अरबिन्द कुमार झा, वरिष्ठ भाषा वैज्ञानिक प्रो. उमा शंकर उपाध्याय, भाषा अध्ययन विभाग के विभागाध्यक्ष, डॉ. अनिल कुमार पाण्डेय, जन संचार विभाग के विभागाध्यक्ष, डॉ. कृपा शंकर चौबे, लेबोरेट्री इन इन्फार्मेटिक्स फॉर दी लिब्रल आर्ट्स (Laboratory in Informatics for the Liberal Arts- LILA) के प्रभारी श्री गिरीश चन्द्र पाण्डेय, विदेशी भाषा एवं अंतरराष्ट्रीय अध्ययन केंद्र के प्रभारी डॉ रवि कुमार, सहित डॉ. अनिल कुमार दुबे, श्री जगदीप सिंह दांगी, डॉ. अनिर्बाण घोष, डॉ. लेखराम दन्नाना, डॉ. हिमांशु शेखर, सुश्री मैत्रेयी, डॉ. शमीम फ़ातमा, श्री गोपाल राम आदि सम्मलित हुए। सभी ने मंच पर अपने वक्तव्य व्यक्त कर प्रो. विजय कुमार कौल को कोरिया के HUFS में विजिटिंग प्रो. के पद पर जाने के लिए बधाई एवं शुभकामनायें दी।

शोधार्थियों एवं सहयोगियों से बधाई एवं शुभ कामना लेते हुएप्रो. कौल

शोधार्थियों से शुभ कामना एवं उपहार लेतेहुए प्रो. कौल

प्रो. कौल ने प्रो. झा आदि अन्य वक्ताओं के विचारों के प्रत्युत्तर में आश्वस्त किया कि वे MGAHV एवं HUFS के बीच अध्यापक एवं विद्यार्थी स्तर पर विभिन्न प्रकार के अकादमिक प्रस्ताव अद्यतन करने हेतु सहयोग करते रहेंगे एवं दोनों विश्वविद्यालयों के बीच अध्यापकों एवं शोधार्थियों के बीच अकादमिक कार्यक्रमों को क्रियान्वित करने हेतु अनवरत प्रयासरत रहेंगे।

उपस्थित अतिथिगण को संबोधित करते हुए प्रो. कौल